आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 16 अंक 41 • कटनी • सोमवार, 14 मार्च, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • फाल्गुन शुक्ल पक्ष-12 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### भोपाल में मध्य प्रदेश का पहला जेएमबी माड्यूल एटीएस ने किया

# स्लीपर सेल तैयार कर रहे चारों आतंकियों पर एटीएस की 2 दिन से थी 24 घंटे नजर

**भोपाल। मध्य प्रदेश के आतंक रोधी दस्ता (एटीएस) ने प्रदेश के पहले जमात उल मुजाहिदीन (जेएमबी) माड्यूल को ध्वस्त करने का दावा किया है। यह दहशतगर्द बर्धमान बंगाल और गया में किए गए बम धमाकों की तरह ही प्रदेश में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए अपने स्लीपर सेल तैयार कर रहे थे। इस बात से भी कतई इन्कार नहीं किया जा सकता है कि मध्य प्रदेश इनके निशाने पर था लेकिन काफी समय गुजरने के बाद भी इस संगठन से युवा जुड़ नहीं रहे थे, इसको लेकर यह आतंकी काफी परेशान भी थे।**

कार्रवाई को लेकर एटीएस के अधिकारियों का कहना है कि उनको स्थानीय स्तर से ही इनपुट मिला था, इसके बाद से टीम दो दिन से 24 घंटे आतंकियों की रेकी कर रही थी। जानकारी पुख्ता होने के बाद यह कार्रवाई की गई और यह सफलता हाथ लगी।

इससे पहले जेएमबी के आतंकी प्रदेश में नहीं पकड़े गए हैं। गिरफ्तारी के बाद एटीएस अब आतंकियों को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। एटीएस को इनसे संगठन की दूसरी गतिविधियों का सुराग मिलने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक जमात उल मुजाहिदीन (जेएमबी) से जुड़े आतंकियों ने ऐशबाग में अपना ठिकाना बनाया है, इसकी जानकारी मिलने के बाद प्रदेश की खुफिया एजेंसियों के आला अधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई की रणनीति बनाई गई। जिसे पूरी सतर्कता के साथ स्थानीय पुलिस को शामिल किए बिना अंजाम तक पहुंचाया गया। इस आपरेशन के लिए 60 सदस्यीय टीम बनाई गई और कमान स्वयं एटीएस एसपी ने संभाल रखी थी। बताया जाता है कि पकड़े गए आतंकियों से रविवार रात तक काफी पूछताछ की गई है लेकिन वे जेएमबी से जुड़े होने से इन्कार करते रहे। उन्होंने बताया है कि वे भोपाल में आलिम (धार्मिक शिक्षा) की पढ़ाई करने आए हैं, पर वे यह नहीं बता पाए कि पढ़ाई कहां से कर रहे हैं। हालांकि, चारों आतंकी जेएमबी के हार्डकोर सदस्य हैं, इसकी एटीएस के पास पुख्ता जानकारी है।




### भोपाल को सराय की तरह इस्तेमाल करते हैं आतंकी

मध्यप्रदेश को भले ही देश में शांति का टापू के नाम से जाना जाता है, लेकिन इसकी राजधानी का इस्तेमाल आतंकवादी एक सराय की तरह करते हैं। प्रदेश में जब भी कोई देश विरोधी घटना सामने आती है, तो उसके तार भोपाल से जरूर जुड़ते हैं। सिमी आतंकी खंडवा जेल ब्रेक के बाद हवलदार की हत्या कर फरार हो गए थे। राजधानी के जहांगीराबाद इलाके में पनाह लेकर उन्होंने भोपाल टाकीज के पास मणप्पुरम गोल्ड बैंक में डाका डालकर 12 किलो सोना और नकदी लूट लिया था। भोपाल जेल के प्रधान प्रहरी रमाशंकर यादव की हत्या कर सिमी आतंकी फरार भी हुए थे। हालांकि अगले ही दिन पुलिस ने उन्हें राजधानी के ग्रामीण इलाके में एनकाउंटर में मार गिराया था।

### आतंकियों की जांच SIT को सौंपी, विधानसभा में भी गूंजा मुद्दा



भोपाल, । राजधानी भोपाल में चार आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर उसे जांच सौंपे जाने की तैयारी है। इस संबंध में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने आज बयान जारी किया है। गिरफ्तार आतंकियों को पुलिस द्वारा आज जिला अदालत में पेश कर अग्रिम पूछताछ के लिए रिमांड पर मांगा जाएगा। वहीं, यह मुद्दा विधानसभा में भी गूंजा है जिसे कांग्रेस के विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने उठाया और अन्य सदस्यों ने भी सरकार को घेरा तो गृह मंत्री ने कहा प्रदेश में आतंकियों को कुचला जाएगा। उन्होंने प्रदेश पुलिस की सफलता पर सराहना की।मध्य प्रदेश में बांग्लादेशी आतंकी संगठन जमात ए मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (एमजेबी) के चार आतंकियों फजहर अली, मोहम्मद अकील, फजहर जैनुल आबदीन और जहुरुद्दीन की गिरफ्तारी के बाद अब इस मामले की जांच एसआईटी बनाई जा रही है। इसके पहले आज इन चारों को जिला अदालत में पेश किया जाएगा जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### द कश्मीर फाइल्स फिल्म देखने के लिए पुलिस कर्मियों को मिलेगा अवकाश

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि फिल्म च्द कश्मीर फाइल्स देखने के लिए मध्य प्रदेश के पुलिसकर्मियों को अवकाश दिया जाएगा। पुलिसकर्मियों को अवकाश देने के लिए डीजीपी सुधीर सक्सेना को निर्देश दिए हैं।

# जेलेंस्की ने नाटो को चेताया



# हमको बचा लीजिए

**कीव/मास्को/ वाशिंगटन ।** रूस-यूक्रेन के बीच जंग का आज 19वां दिन है। दोनों देशों के बीच सुलह का कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। इस बीच खबर है कि रूस और यूक्रेन के बीच चौथे दौर की बातचीत एक से दो दिन में हो सकती है। इस बीच रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले और भी ज्यादा तेज कर दिए गए हैं। यूक्रेन के 24 शहरों को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें से 19 में तो रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां रूस लगातार बम बरसा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की ओर से रविवार देर रात एक वीडियो संदेश जारी किया गया। इसमें उन्होंने एक बार फिर से नाटो से यूक्रेन को नो फ्लाई जोन घोषित करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि, अगर आपने यूक्रेन के आसमान को नो फ्लाई जोन घोषित नहीं किया तो जल्द ही नाटो की जमीन पर भी रूसी रॉकेट गिरेंगे।

### नहीं तो, आपकी जमीन को भी तबाह कर देंगी रूसी मिसाइलें

### रूस में आज से इंस्टाग्राम बैन

रूस में आज से इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह कदम फेसबुक द्वारा पुतिन के खिलाफ किए गए नियमों में बदलाव के बाद उठाया गया है। इंस्टाग्राम का कहना है कि, यह गलत है। रूस के आठ करोड़ लोग इस कारण दुनिया से कट जाएंगे।

**रूस ने चीन से मांगी मदद**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूक्रेन में पिछले 19 दिन से जंग लड़ रहे रूस ने चीन से सैन्य व आर्थिक मदद की मांग की है। रूस की ओर से यह मदद ऐसे समय पर मांगी गई है, जब अमेरिका की ओर से सीधे तौर पर चीन को धमकाया गया है। दरअसल, अमेरिका ने रविवार को चीन को चेतावनी जारी की थी। इसके तहत कहा गया था कि, आर्थिक प्रतिबंध झेल रहे रूस की मदद के लिए अगर चीन आगे आता है, तो उसे भी बुरे परिणाम भुगतने होंगे।



## चोरी के आरोप में अभिनेत्री रूपा दत्ता गिरफ्तार

**कोलकाता, ।** कई टीवी सीरियल में अभिनय कर चुकीं अभिनेत्री रूपा दत्ता को कोलकाता पुस्तक मेले के आयोजन स्थल पर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बिधान नगर उत्तर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दत्ता को शनिवार को एक पुलिसकर्मी ने एक पर्स कूड़ेदान में फेंकते हुए देखा जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अभिनेत्री के पर्स से कई बटुए और 75 हजार रुपये नकद बरामद किये गये। अधिकारी ने कहा, 'दत्ता को ध्यान भटकाकर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह जांच जारी है कि अपराध में और लोग तो शामिल नहीं थे।' दत्ता इससे पहले फिल्मकार अनुराग कश्यप पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाने को लेकर विवादों में रह चुकी हैं।




## भगवंत मान 16 मार्च को लेंगे पंजाब के सीएम पद की शपथ

**चंडीगढ़ ।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद देश में सियासी हलचल तेज है। जीतने वाले जश्न मना रहे हैं, तो हारने वाले मंथन में जुटे हैं। यूपी के साथ ही उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही शपथ ग्रहण समारोह होंगे। ताजा खबर आम आदमी पार्टी से है। पंजाब में ऐतिहासिक जीत के बाद पार्टी यहां सरकार बनाने जा रही है। भगवंत मान 16 मार्च को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले उन्हें संसद की सदस्यता छोड़ना होगी।

### सोनिया के इमोशनल कार्ड से फीके पड़े नेताओं के दांव

# फिर से मंथन के लिए चिंतन शिविर





नई दिल्ली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी करारी हार का सिलसिला कायम रहने पर मंथन करने बैठी कांग्रेस कार्यसमिति अपेक्षित नतीजे पर ही पहुंची। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने परिवार को पार्टी से अलग करने की पेशकश का इमोशनल कार्ड खेला तो कार्यसमिति के उन नेताओं के दांव भी फीके पड़ गए जो कांग्रेस मैनेजमेंट को समय-समय पर कठघरे में खड़ा करते रहते हैं। वहीं, समिति में शामिल कई नेताओं ने तो राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने की मांग जोर-शोर से उठा दी।इससे पहले, सोनिया ने कहा कि अगर कार्यसमिति को लगता है कि उनके परिवार के हटने से कांग्रेस मजबूत हो सकती है तो वो अपने बेटे राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस छोड़ने को तैयार हैं। बताया जाता है कि सोनिया के इतना कहते ही बैठक में शामिल नेता सन्न रह गए और सबसे पहले गुलाम नबी आजाद ने ना, ना के अंदाज में यह प्रस्ताव खारिज कर दिया। आजाद समेत कार्यसमिति के सभी सदस्यों ने सोनिया से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाते रहने का आग्रह किया।ध्यान रहे कि गुलाम नबी आजाद उस ग्रुप-23 के अग्रिम नेताओं में हैं जिसने अगस्त 2020 में सोनिया गांधी को ही चिट्ठी लिखकर कांग्रेस मैनेजमेंट में बदलाव की मांग की थी। उसके बाद से यह ग्रुप गांधी परिवार के समर्थक समूह के निशाने पर रहता है। दिग्विजय सिंह जैसे दिग्गज कांग्रेसी ग्रुप-23 नेताओं को काफी भला-बुरा कह चुके हैं। इस ग्रुप पर बीजेपी का सहयोगी होने तक का आरोप मढ़ा जा चुका है। बहरहाल, सीडब्ल्यूसी की मीटिंग से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार जैसे नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस दफ्तर के बाहर जुटे पार्टी कार्यकर्ताओं के हुजूम ने राहुल गांधी को फिर से अध्यक्ष पद देने की मांग की। हालांकि, मीटिंग में तय हुआ कि संसद का बजट सत्र खत्म होने के बाद चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसका प्रस्ताव गहलोत ने ही दी। शिविर से पहले एक बार फिर से सीडब्ल्यूसी बैठेगी। फिर सितंबर महीने में कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव होगा।

**बैकफुट पर आए आजाद**

सूत्रों के मुताबिक, 4.30 घंटे चली बैठक में टर्निंग पॉइंट तब आया जब सोनिया गांधी ने कहा कि उनके लिए कांग्रेस पार्टी सब कुछ है, इसलिए अगर उनका परिवार इसके विकास में बाधक है तो वो तीनों (सोनिया, राहुल और प्रियंका) पार्टी छोड़ने को तैयार हैं। तब आजाद ने कहा, च्हमने आपके नेतृत्व पर कभी सवाल नहीं उठाया बल्कि पार्टी जिस तरह चलाई जा रही है, उस पर चिंता व्यक्त की है।ज बैठक के बारे में जारी बयान में कहा गया, च्सीडब्ल्यूसी ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए उनसे अध्यक्ष पद पर बने रहने का आग्रह किया। कार्यसमिति ने प्रभावी और अनिवार्य सांगठनिक बदलावों के जरिए कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरियों को दूर करने का आग्रह किया ताकि राजनीतिक चुनौतियों का सामना किया जा सके।



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 14 मार्च, सोमवार से शुरू हो गया। संसद के इस

# लोकसभा में पीएम का जोरदार स्वागत, लगे मोदी-मोदी के नारे

सत्र से पहले आए 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत का उत्साह भाजपा नेताओं में साफ देखा जा सकता है। वहीं विपक्ष को नए मुद्दों की तलाश करना पड़ रहा है। सत्र के पहले दिन कई विपक्षी नेताओं ने नोटिस दिए और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग की। कुछ नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध और वहां फंसे भारतीयों पर चर्चा की मांग की है। इस मुद्दे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को दोनों सदनों में बयान जारी करेंगे। जैसे ही लोकसभा की कार्रवाई शुरू हुई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। पीएम मोदी को देख सत्ता पक्ष के सांसद मेज थपथपाने लगे और मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। करीब डेढ़ मिनट तक यह क्रम चला। कुछ सांसदों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाए।

### उमा ने पत्थर क्यों उठाया शिवराज को लिखा पत्र

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती पिछले कुछ समय से प्रदेश में शराबबंदी की मांग कर रही है। इसके लिए सामाजिक आंदोलन करने की बात कह रही है। उन्होंने अपना अभियान रविवार को शुरू किया। भोपाल के भेल इलाके में बरखेड़ी में स्थित शराब दुकान में घुसकर रविवार को उन्होंने पत्थर मारा। बोतलों को फोड़ा। साथ ही प्रशासन को 7 दिन में दुकान बंद करने की चेतावनी भी दी। इसे कांग्रेस के कई नेता उमा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनौती बता रहे हैं। इसी को लेकर सोमवार को उमा भारती ने शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा और अपनी बात को स्पष्ट करने की कोशिश की।उमा भारती ने लिखा कि मैं रविवार को महिलाओं के आग्रह पर भोपाल के बरखेड़ा पठानी के आजाद नगर में शराब की दुकान और अहाता देखने गई थी। वहां महिलाओं ने बताया कि यह मजदूरों की बस्ती है। यहां मंदिर है। स्कूल है। तीन साल से शराब की दुकान को बंद करने के लिए आंदोलन कर रही हैं। धरना-प्रदर्शन भी दिया है। हर बार प्रशासन ने आश्वासन दिया और धरना-प्रदर्शन खत्म करवाया। इसके बाद भी दुकान बंद नहीं हुई है।



# उमाभारती की सक्रियता पर लगने लगे कयास

### 2023 के विधानसभा या 2024 के लोकसभा

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती जिस तरह का रुख अपनाया है उससे कई सवाल सामने आ रहे हैं। राजनीतिक पंडित उनके इस कदम से यह कयास लग रहे हैं कि उमा 2023 के विधानसभा या 2024 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश से दावेदारी ठोक सकती है। उमा भारती की बढ़ती सक्रियता, लोगों से लगातार मेल -मुलाकात, शराब बंदी के खिलाफ अभियान और कल तो उन्होंने शराब दुकान में तोड़फोड़ तक कर डाली। उनकी राजनीतिक गतिविधियों का बड़े पैमाने पर केंद्र मध्य प्रदेश ही है। खुद उमा भारती ने भी 2024 में मध्य प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। एक अंग्रेजी दैनिक के मुताबिक हालांकि वह कहां से यह चुनाव लड़ेंगी यह जाहिर नहीं किया है। गौरतलब है कि उमा 1989 से 1998 तक चार बार खजुराहो से लोकसभा के लिए चुनी गई थीं। इसके बाद 1999 से दिसंबर 2023 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने तक उमा ने भोपाल का प्रतिनिधित्व किया। 2014 में उमा भारती ने उत्तर प्रदेश के झांसी से चुनाव जीता था। फिलहाल की बात करें तो खजुराहो सीट से फिलहाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वहीं प्रज्ञा सिंह ठाकुर भोपाल से सांसद हैं। झांसी सीट से अनुराग शर्मा भाजपा सांसद हैं। ऐसे में अगर उमा भारती को चुनाव लड़ना है तो उन्हें अपने लिए एक नई सीट तलाश करनी होगी। हाल ही में छतरपुर एक कार्यक्रम के दौरान उमा ने कहाकि जब मैंने 2019 में चुनाव लड़ने से मना किया था, तभी कहा था कि मैं 2024 में चुनाव लड़ूंगी। उन्होंने यह भी कहा था कि मेरे लिए यह खुशी की बात है कि सरकार मैं बनाती हूं और इसे चलाता कोई और है।

### द कश्मीर फाइल्स की कमाई ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

# सिर्फ एक दिन की कमाई ने वसूल ली पूरी फिल्म की लागत



अमर उजाला। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' इन दिनों देशभर में छाई हुई है। अपनी रिलीज के साथ ही यह फिल्म कई रिकॉर्ड कायम करती नजर आ रही है। सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले ही कई तरह के विवादों में घिरी 'द कश्मीर फाइल्स' लोगों के बीच काफी समय से चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि फिल्म रिलीज होने के बाद से ही रोजाना उम्मीद से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में फिल्म ने रविवार को भी अपने बॉक्स कलेक्शन में एक नया मुकाम हासिल किया है। रविवार को हुए फिल्म के ताबड़तोड़ बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखकर कहा जा सकता है कि विवेक रंजन अग्निहोत्री की इस फिल्म को छुट्टी का भरपूर फायदा मिला है। फिल्म ने रविवार को करीब 14 करोड़ की कमाई कर ली है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। रविवार को हुई कमाई के बाद च्द कश्मीर फाइल्सज कोरोनाकाल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है।14 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म ने जहां अपने पहले दिन यानी शुक्रवार को 3.25 करोड़ की कमाई की थी। तो वहीं शनिवार को अपनी कमाई में 100 फ़ीसदी का इज़ाफ़ा करते हुए इसने 8.25 करोड़ की कमाई कर डाली। इसके बाद रविवार को सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए च्द कश्मीर फाइल्सज ने तमाम विवादों और आलोचनाओं के बावजूद 14 करोड़ रुपये अपनी झोली में समेट लिए है।

### कांग्रेस के ट्वीट पर विवाद

फिल्म द कश्मीर फाइल्सपर बोली- पंडित तो 400 ही मरे, मुस्लिम 15,000 मारे गए जम्मू-कश्मीर पर बनी फिल्म च्द कश्मीर फाइल्सज को मिल रही पब्लिसिटी के बीच केरल कांग्रेस ने आलोचना की है। रविवार को केरल कांग्रेस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में मारे गए पंडितों से ज्यादा संख्या तो मुस्लिमों की रही है। सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म की खूब चर्चा हो रही है। मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों ने इसे टैक्स फ्री कर दिया है। केरल कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कश्मीरी पंडितों के बारे में तथ्य, वह आतंकी ही थे जिन्होंने पंडितों को निशाना बनाया।

## विदिशा में पिकनिक मनाने गए तीन बच्चे नदी में डूबे, दो के शव मिले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में पिकनिक मनाने उदयगिरि गए तीन बच्चे रविवार-सोमवार की रात नदी में डूब गए जिनमें से दो के शव निकाल लिए गए। तीसरे बच्चे के शव की तलाश जारी है लेकिन अभी तक उसका शव नहीं मिल सका है।विदिशा जिले के पिकनिक स्पॉट उदयगिरि में शहर और आसपास के जिलों के लोग अवकाश के दिनों में पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। रविवार को भी यहां कई परिवार और युवा अपने दोस्तों के साथ पहुंचे थे। विदिशा शहर के तीन युवा भी पिकनिक के लिए वहां गए थे लेकिन अचानक वे बैस नदी के गहरे पानी में चले गए। जहां ये लोग डूबे वह बैस नदी का स्टाप डैम है और तीनों डूब गए। काफी समय तक डूबने वाले युवाओं की पहचान में दिक्कत हुई। उदयगिरि में तीन युवाओं के डूबने की घटना के बाद रेस्क्यू शुरू किया गया जिसमें दो शवों को बाहर निकाला गया। रेस्क्यू के दौरान वहां कलेक्टर उमाशंकर भार्गव और एसपी मोनिका शुक्ला भी पहुंचे। बताया जाता है कि जिन दो युवाओं के शवों को बाहर निकाला गया उनके नाम विदिशा के तलैया मोहल्ले का रहने वाला आशीष पुत्र कृष्ण गोपाल और दूसरा विदिशा के पुरनपुरा का विशेष पुत्र बृजेश श्रीवास्तव है। उनके तीसरे साथी के शव की अभी भी तलाश जारी है लेकिन तीसरा साथी कौन था, यह अभी भी पता नहीं चल सका है।



# सचिव, रोजगार सहायकों पर एक्शन

## लापरवाही के चलते कार्य पूर्ण होने तक वेतन आहरण पर रोक



**कटनी।** जिला पंचायत सभागार में सीईओ जिला पंचायत जगदीशचंद्र गोमे की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के तहत जिले भर से चिन्हित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण मानदंडों के अनुरूप निर्धारित समयसीमा में किया जाना था। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कटनी की 11 बड़वारा 10 ढीमरखेड़ा 3 बहोरीबंद 8 रीठी 4 विजयराघवगढ़ की 5 ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायकों द्वारा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की पूर्णता लक्ष्य के अनुरूप नहीं हुई है इसलिए सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की पूर्णता होने तक संबंधित सचिवों की एक एक वेतन वृद्धि रोकते हुए संबंधित ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही और वेतन आहरण पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके पूर्व समीक्षा बैठक में श्री गोमे द्वारा सचिवों के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सिमरापटी, जोबीकला, पोंसरा, पूछी, पड़वई को एस सी एन जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जगदीशचंद्र गोमे ने स्पष्ट लहजे में कहा कि दिए गए निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत इटवा की तत्कालीन सचिव सीमा गर्ग द्वारा 31 मार्च तक सामुदायिक स्वच्छता परिसर पूर्ण नहीं किए जाने पर निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित करने एवं अग्रिम रूप से आहरित राशि ब्याज सहित जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। सामुदायिक स्वच्छता परिसर के कार्य में रूचि नहीं लेने के कारण ग्राम पंचायत प्रधान पोनियाएजिवारा एबंडाए बहोरीबंदए घाना एवं सचिव ग्राम पंचायत मतवार पड़रियाए खमतरा को शोकाज जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा करते हुए पाया गया कि ग्राम पंचायत धूरी और लखनवारा के सचिवों द्वारा आहरित अग्रिम राशि के समतुल्य सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण नहीं कराया गया है अत: 31 मार्च तक अग्रिम आहरित राशि ब्याज सहित जमा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत जूझारी के सचिव लोकचंद जायसवाल के विरुद्ध संस्थित विभागीय जांच पर पर शीघ्र निर्णय कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। व्यक्तिगत शौचालय की प्रगति की समीक्षा की जाने पर ग्राम पंचायत पठरा एसलैया कुआंए जुझारीए बासनए मोहनिया राम देवरीहटाई एगुबराधरी, हिरवारा, पोनिया, भेसवाहीए बंजारी, सिंघनपुरा, धवैया के सचिव और रोजगार सहायकों द्वारा निर्धारित दिनांक तक व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण की प्रगति समाधान कारक नहीं है इसलिए ग्राम पंचायत सचिवों की दो दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश रोजगार सहायक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई और कार्य की प्रगति शतप्रतिशत होने तक वेतन आहरण पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिए गए। सीएमहेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए श्री गोमें ने सचिव ग्राम पंचायत मोहनिया नीमए मोहनिया नीमखेड़ाए जुजावल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित करते हुए हुए संतुष्टि पूर्वक शिकायत क्लोज करने के निर्देश दिए गए।

# ननि में जनप्रतिनिधियों का राज समाप्त होते ही स्वच्छता में फिसड्डी?



**कटनी।** कटनी नगर निगम पिछली बार स्वच्छता सर्वेक्षण में फिसड्डी साबित हुआ था जिसके बाद कटनी से लेकर भोपाल तक अधिकारियों में हड़कंप मचा इस बाद फिर से स्वच्छता सर्वेक्षण में कटनी के यहीं हालात न हो लिहाजा नगर निगम स्वच्छता के विभिन्न मानदंडों के पालन में जुटा है। इधर कहा यह भी जा रहा है कि नगर निगम में जबतक जनप्रतिनिधियों का राज था तब तक स्वच्छता या अन्य मामलों में कटनी की उपलब्धि अच्छी थी लेकिन अब यहां महापौर पार्षद राज समाप्त हो गया लिहाजा अधिकारी कर्मचारी लगन लगा कर काम नहीं कर रहे। बहरहाल नगर निगम आयुक्त ने बताया कि स्वचछ सर्वेक्षण - 2022 को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था के साथ साथ सुंदरता एवं जागरूकता पर भी विशेष ध्यान देकर स्वच्छता की इस प्रतियोगिता में अपने कटनी नगर को उच्चतम श्रेणी का दर्जा दिलानें के प्रयास किये जा रहे है। आपने नागरिकों से नगर की सफाई व्यवस्था में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की अपील की है। स्वचछ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था के साथ साथ सुंदरता एवं जागरूकता पर भी विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है।

# उम्मीद को लगे पंख कटनी के बेटे दुर्गेश छोटे पर्दे पर



**कटनी।** कटनी का बेटा दुर्गेश सेन कला की दुनिया में अपना नाम रौशन कर रहा है। बचपन से ही कला के क्षेत्र में दुर्गेश की रुचि रही वर्तमान में स्टार भारत में कई धारावाहिक में दुर्गेश नजर आ रहे हैं। जिसमें उनका किरदार काफी सराहा जा रहा है। दुर्गेश ने यशभारत को बताया कि ईश्वर की कृपा से कदम कदम पर आगे बढ़ने में मेरे परिवार एवं मेरे शिक्षको का महवपूर्ण योगदान रहा। इस बीच कई पुरुस्कार अर्जित किए एवं हर कदम पर कुछ न कुछ सीखते रहने की सोच आगे बढ़ाता रहा । अपनी कला को नाम देने मुंबई का रुख किया और एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब शुरू की जिससे मेरी इस कला के क्षेत्र में कोशिशों को मदद मिले। इस दौरान कई उतार चढ़ाओ और मुश्किलों भरे रास्ते मिले लेकिन मेरे परिवार और ईश्वर ने आगे बढ़ते रहने की हिम्मत दी। इसके बाद कई प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया और पुरुस्कार तथा प्रशंसा से मेरा मनोबल बढ़ा। छोटे छोटे प्रोजेक्ट्स ही सही लेकिन मुझे यह रुकना नही था तो भीड़ से कुछ हटकर और अलग करने की सोच और आत्मविश्वास मेरे कदमों को आगे बढ़ाती रही। और आज ईश्वर और परिवार की कृपा से मुझे स्टार भारत के शो हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की में एक वृंदावन वासी की पंचायत के मुख्य किरदार के रूप में अभिनय का अवसर मिला जिसमे गेवि चहल (नंद बाबा) एवं अदिति आह्वान( यशोदा मां) जैसे अनुभवी कलाकारों के साथ अभिनय को निखार रहा हूं,मेरा किरदार आपको इस धारावाहिक में अभी और देखने मिलेगा तो कृपया स्टार भारत पर इसे सोम-शुक्र रात 9.30 टीव्ही पर सपरिवार देखें । दुर्गेश ने कहा कि आज मिली इस सफलता का श्रेय मैं अपने माता श्रीमती प्रीति सेन जो समाजसेवी और पिता राधाचरण सेन जिन्हें पप्पू पटवारी के नाम से जाना जाता है को देना चाहता हूं। जो भी कला आप देख रहे है मुझमें वो मेरे पिताजी से ही मिली है।धन्यवाद देना चाहता हूं मेरे सभी साथियों शुभचिंतकों का जो जो भी मुझसे जुड़ा हुआ है।

# महिला सम्मान के साथ बसंतोत्सव के बिखरे रंग

## सुदर्शना के कार्यक्रम में राजुल मिश्रा मिसेज इंडिया यूनिवर्स भी पहुंचीं



**कटनी।** सुदर्शना महिला बाल विकास एवं समाज सेवा को समर्पित तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण संवर्धन को संकल्पित संस्था सुदर्शना द्वारा महिला दिवस पर बसन्तोत्सव एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सेलिब्रटी श्रीमती राजुल मिश्रा मिसेज इंडिया यूनिवर्स रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ श्रीमती प्रतिमा रमन विशिष्ट अतिथि वयोवृद्ध 94 वर्षीय मातृ शक्ति श्रीमती कमला चौदहा, श्रीमती मुन्नी देवी मिश्रा ,श्रीमती ऊषा देवी रामायणी अधिष्ठाता ब्रह्मऋषि अंबाला आश्रम रहीं। कार्यक्रम के प्रथम चरण में परंपरानुसार माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर आयोजक मण्डल की सदस्य डॉ अनुपमा भार्गव ,सुनीता चौदहा डॉ श्रीमती मंजुला दिखित, श्रीमती ममता भार्गव ,श्रीमती प्रिया भार्गव, श्रीमती अनिता वैश्य द्वारा मंगलाचरण की मधुर प्रस्तुति की गई। इसके बाद श्रीमती अनीता सिजारिया। सीमा नाहर ,कान्ता सचदेवा जी द्वारा संस्था के ध्येय गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजक मण्डल के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान पुष्प गुछों से किया गया और सभी सदस्यों का सम्मान शेवन्ति के फूलों से बने बहुत ही सुंदर गहने माथे पर बेंदी और हाथों में गजरे पहनाकर किया गया । बसंत की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकृति के सुरम्य वातावरण में शहर से दूर शिवजीइ नगर में विपिन अग्रवाल जी बहुत ही खूबसूरत शान्त सुंदर मधुबन में यमुना के किनारे मनाया गया। लाल पीले गुलाबी फूलों के रंग के परिधानों में फूलों सी सजी कलियों सी खिली सुदर्शनाओं ने जूही, चमेली,चंपा,चाँदनी, रजनी गंधा , शेवन्ति, अंताक्षरी टीमों ने बसंत के मधुर मनहर गीतों से गुलशन को गुलजार किया। प्रश्न मंच, अंताक्षरी, हौजी, लेडी ऑफ द डे आदि कार्यक्रमों को सबने खूब एन्जॉय किया, दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस शानदार भव्य और आनन्द सागर में सबने खूब डुबकियां मारी और आनन्द लिये। सुदर्शना अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का बहुत सुंदर रोचक संचालन श्रीमती सुनीता चौदहा ने किया। कार्यक्रम की सुंदर सुरुचि पूर्ण व्यवस्था श्रीमती दीप्ति विपिन अग्रवाल ने की । इस मौके पर श्रीमती मीना शर्मा, अलका सरावगी, शशी यादव, श्रीमती रंजना बहरे, श्रीमती अनु शशांक श्रीवास्तव, श्रीमती आशा कोहली, सीमा नाहर , नीतू लालवानी, श्रीमती कल्पना कोटक, निकिता कोटक, सुनीता कनकने, शशी दुबे, रूबी बरसैन्या, शांति शर्मा, अनीता सिजारिया, सीमा नाहर, श्रद्धा नाहर, शालिनी सोनी, पूजा तनवानी, मीना खंडेलवाल,प्रभा बरसैन्या, निधि त्रिसोलिया, नीति वर्मा, सुशीला शर्मा, प्रियंका बसरानी, आरती राय, रंजना गर्ग, तनीषा नागवानी, कांता सचदेवा, दीप्ती अग्रवाल ,दीपाली गुप्ता ,पूनम त्रिसोलिया ,रश्मि कनकने, रेखा पंजवानी, नीतू गुप्ता, अंजळी सोनी, निकिता कोटक, हनी शिवहरे, रजनी कनकने ,अलका अग्रवाल, पूनम गुप्ता, विभा कंदेले, पल्लवी चन्दा, सुमन वैश्य, सुनीता चौदहा, रागिनी मित्तल, अनीता वैश्य, डॉली कनकने, नीलम सेकसरिया, रश्मि सोनी, रंजना बहरे, प्रियंका गुप्ता, शांति तिवारी, नीलम जार, शोभा राय, कविता कनकने, प्रीति डेंगरे, रिचा गिलानी, अंजू जैन ,तनु गुप्ता, शांति तिवारी, कांता भौमिया, रंजना बहरे ,रागिनी मित्तल, संगीता जैन निशि जैन ,सुमन माजी, गीता पांडेय , रजनी कनकने,आकांक्षा बरसैन्या, श्रीमती रचना जैन,नीति वर्मा, सीमा जैन स्नेह जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। आभार डाक्टर प्रतिमा रमन ने किया ।

# कार्यक्रमों के मध्य मनाया जाएगा उपभोक्ता दिवस



**कटनी।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन कटनी राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की अध्यक्षता मे एवं जिलाध्यक्ष के एल पाण्डे के मार्गदर्शन में, जिला प्रसाशन के सहयोग से दिनांक 15 मार्च कल विश्व उपभोक्ता दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्दयालय निवार,पहाडी आयोजित करने संगठन के सभी पदाधिकारियों की बेठक गत दिवय बस स्टेन्ड शुक्ला हाऊस बाटिका में संपन्न हुई। इस बैठक में कई निर्णय लिये गये जिसमें मुख्य रूप से उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम को मनाने की रूप रेखा शामिज थी। बैठक मे शहर अध्यक्ष आदर्श श्रीवास्तव, पीतांबर भेरवानी महिला विंग की रत्ना मिश्रा, प्रीति सेन, उषा पांडे, शशि शुक्ला, गीता पाठक, मीना बघेल, सुमन सेनी, सुमन रजक आदि की उपस्थित रही।

# होली पर फिर लगेंगे ठहाके


## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 19 को, वीररस के कवि हरिओम पवार एवं मशहूर शायरा अंजुम रहबर की गजलों से गूंजेगा घंटाघर का रामलीला मैदान



**कटनी।** पारंपरिक महापर्व होली पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में 19 मार्च को रामलीला मैदान घंटाघर में सायं 6 बजे से विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य तथा वीर रस के ओजस्वी कवियों का महासंगम होगा। कवि सम्मेलन को सफल बनाने के लिये संस्कार सदन विद्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। श्रोताओं को हंसी-खुशी का वातावरण देने देश के श्रेष्ठ कवियों की शानदार प्रस्तुति से घंटाघर रामलीला मैदान गुंजायमान होगा। स्व ओमप्रकाश सरावगी तथा स्व शकुन्तला सरावगी की स्मृति में ओमप्रकाश सरावगी नि:शुल्क विद्यालय, कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन मुक्तिधाम, विकास समिति द्वारा अभा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। ख्यातिलब्ध कवि व मुक्तिधाम विकास समिति के संस्थापक मनोहर मनोज व ओमप्रकाश सरावगी नि:शुल्क विद्यालय के डायरेक्टर शरद सरावगी समाजसेवी सतीश सरावगी मनीष सरावगी टेंट लाईट एसोसिएशन अध्यक्ष अजय सरावगी, रजनीकांत गुप्ता, संजय जैन, संस्कार भारती विद्यालय के संचालक राजू अग्रवाल, मगन जैन अशोक कटारे, जसवीर सिंह टुटेजा, कमल खूबचंदानी, भवानी तिवारी, अथर्व तिवारी, ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध हास्य ओज व श्रंगार रस के कवियों से संपर्क कर उनकी स्वीकृति हासिल कर ली गई हैं। कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों में देश भर में साहित्य जगत को गौरवांन्वित करने वाले वीररस के ओजस्वी राष्ट्रीय कवि डॉ हरिओम पवार, गीत गजल मुक्तक से कार्यक्रमों को गरिमा प्रदान करने के लिये शायरा मोहतरमा अंजुमन रहवर, डॉ प्रवीण शुक्ल दिल्ली, ओजस्वी कवि शानदार संचालक शशिकांत यादव विदिशा, सोनरूपा विशाल, भुवन मोहनी, दिनेश देशी घी, मुन्ना बैटरी, हास्य कवि चेतन चर्चित कवि सम्मेलन में अपनी कविताओं से समां बांधेगे। नगर के नागरिकों, साहित्य प्रेमियों से आग्रह हैं कि 19 मार्च को होने वाले कवि सम्मेलन में अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने सहभागी बनें। संचालन ओजस्वी कवि शशिकांत यादव द्वारा किया जायेगा। ओमप्रकाश सरावगी संस्कार सदन निशुल्क स्कूल कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन मुक्तिधाम विकास समिति ने उपस्थिति की अपील की है।

# सावधान!

## रात में डिवाइडर आपको बना सकता है हादसे का शिकार



कटनी विभिन्न स्थानों पर बने डिवाइडर रात में दिखाई नहीं देते हैं। इससे हादसे हो जाते हैं। शहर में कई स्थानों पर डिवाइडरों में संकेतक न लगे होने से दुर्घटनओं की आशंका बनी रहती है। इसके बाद भी इन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे किसी भी जान जा सकती है। चालकों की जरा सी चूक जान जोखिम में डाल सकती है। शहर की मुख्य सड़क के ये खतरनाक स्पॉट पहले भी कई बार हादसों के कारण बने हैं। खतरनाक स्पॉट पर रात के समय ज्यादा खतरा होता है। दुर्घटना भी रात के समय ही अधिक होती हैं। अंधेरे में सामने वाली गाड़ी की लाइट से सड़क ठीक से दिखाई नहीं देती है और खतरनाक स्पॉट पर लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। शहर में जानलेवा स्थानों पर संकेतकों के अभाव में दुर्घटनाएं होती हैं लेकिन विभाग द्वारा इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाए जाते हैं। इस स्थिति में यहां पर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इन दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में समुचित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। शहर की मुख्य सड़क के ये खतरनाक स्पॉट पहले भी कई बार दुर्घटना का कारण बन चुके हैं। लेकिन इस संबंध में प्रशासन ने कोई विशेष कार्रवाई नहीं की है। खतरनाक स्पॉट पर जान जोखिम में डाल सकती है जरा सी चूक जान खतरे में डाल सकती है। सागर पुलिया पर जगह-जगह गड्ढे: सागर पुलिया पर जगह-जगह गड्ढे हैं साथ ही यहां की नाली पर रेलिंग भी कट गई है। इसके अलावा यहां कई खतरनाक गड्ढे और कट हैं जिस पर वाहन दुर्घना ग्रस्त हो जाते हैं। सागर पुलिया पर जगह गड्ढे हैं साथ ही यहां की नाली पर रेलिंग भी कट गई है। इसके अलावा यहां कई खतरनाक गड्ढे और कट हैं जिस पर वाहन दुर्घनाग्रस्त हो जाते हैं। सूचना संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाए गए। शहर के प्रमुख मार्गों पर रिफ्लेक्टर नहीं हैं। सूचना संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाए गए है। इस कारण चालक किसी भी दिशा में वाहन मोड़ देते हैं। शहर के तिराहों चौराहों पर ऐसा नजारा बार-बार देखा जा सकता है। शहर में अतिक्रमण से पटे मार्गों पर वाहन बेतरतीब दौड़ रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए तो सिग्नल हैं कोई सूचना, संकेतक बोर्ड। निगम यातायात विभाग के पास डिवाइडरों पर लगाने के लिए रिफ्लेक्टर भी नहीं है। अनदेखी हादसों का कारण बन सकती है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 12 से दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 9 बजे से
कलाकार- प्रभास, पूजा हेगड़े, भाग्यश्री, सत्यराज, मुरली शर्मा, सचिन खेड़ेकर आदि।



राधेश्याम
Tickets Available on Book My Show

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 12 से 10,12 एवं 3 बजे से



गंगुबाई कठियावाड़ी
कलाकार- आलिया भट्ट, अजय देवगन, विजय राज, सीमा पहवा आदि।
Tickets Available on Book My Show

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 12 से सायं 6 एवं रात्रि 10 बजे से




द कश्मीर फाईल्स
कलाकार- मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी आदि।
Tickets Available on Book My Show

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
गंगुबाई कठियावाड़ी
कलाकार- आलिया भट्ट, अजय देवगन, विजय राज, सीमा पहवा आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# 1 अप्रैल से तुअर दाल में नहीं लगेगा मंडी टैक्स

### तुअर डाल मिल एसोसिएशन के कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटैल ने की घोषणा



**कटनी।** कटनी में तुअर दाल मिलसई को प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटैल ने बड़ी सौगात दी है। जिस मंडी टैक्स के कारण कटनी की दाल मिल छत्तीसगढ़ तथा अन्य प्रदेशों में चली गई, उस टैक्स की एक अप्रैल से समाप्ति की घोषणा से कटनी के तुअर दाल मिलर्स को अत्यंत खुशी मिली है। होटल आरिंदम में तुअर दाल मिलर्स के एक कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा ने दाल मिल संचालक की ओर से इस टैक्स, इससे होने वाली आय तथा इस टैक्स के कारण कटनी से तुअर दाल मिल के पलायन की बात रखी। जिसका समर्थन विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने किया। श्री पाठक ने कहा कि तुअर दाल के दूसरे राज्यों से आने पर टैक्स लगने के कारण मिलर्स का काफी नुकसान हुआ है। इस बारे में मुख्यमंत्री शिवराज चौहान को भी अवगत कराया गया। इस मसले को 5 साल से उठाया जा रहा, फिर भी इस पर अमल नहीं हो सका, जिसके कारण कटनी के दाल उदयोग को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस पर मंत्री कमल पटैल ने घोषणा की कि 1 अप्रैल से बाहर से मटेरियल आयात पर टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि वे कल ही विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर इसका आदेश जारी करवाएंगे। कृषि मंत्री कमल पटैल का कटनी पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने खिरहनी दुर्गा चौक में जोरदार स्वागत किया। जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा, उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुनील उपाध्याय, जिला मंत्री अंकिता तिवारी, मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीश वर्मा, सह कार्यालय मंत्री यज्ञदत्त मिश्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, पारस जैन, जिला मंत्री रम्मू साहू, शिवम शर्मा, विजय दुबे, मयंक गुप्ता, गौरीशंकर पटेल, राकेश चक्रवर्ती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वेयर हाउस का शुभारंभ

कृषि मंत्री कमल पटैल ने मझगवां फाटक रोड पर एक निजी वेयर हाउस का शुभारंभ किया। श्री पटेल ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की किसानों के हित के लिए किए जा रहे कार्य तथा खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के प्रयासों का परिणाम है कि आज किसान की उपज बढ़ी है। उसे पैदावार का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। वेयर हाउस के संचालक अरुण सोनी ने आभार व्यक्त किया।



## विधायक संजय पाठक के निवास पर कार्यकर्ताओं से मिले मंत्री

अपने एक दिवसीय व्यस्ततम कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटैल विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के पाठक वार्ड शांति भवन स्थित निवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट की तथा स्वल्पाहार ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक श्री पाठक की मातुश्री पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला पाठक से श्री पटैल ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर युवा नेता यश पाठक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता यहां मौजूद रहे।

## सरकार ने मजबूर किसान को मजबूत बनाने का काम किया

### कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने पत्रकारों से की चर्चा



कटनी। प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि खेती को लाभ का धंधा बनाकर किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में कारगर पहल कर केन्द्र व राज्य सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाने का कार्य किया है। सरकार ने मजबूर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। श्री पटेल ने यह बात रविवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। पत्रकार वार्ता में कृषि मंत्री ने कहा कि खेती को लाभ का धंधा बनाने की शुरूआत तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने की थी। उन्होंने किसान हित में किसान क्रेडिट कार्ड, किसानों को साहूकार के चंगुल से मुक्ति सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कदम आगे बढ़कर किसान हित में कार्य किया। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए राष्ट्रव्यापी सर्वे कराया। सर्वे के अनुसार देश के 86 फीसदी किसान सीमांत व लघु श्रेणी के थे। श्री पटेल ने कहा कि मप्र में 1 करोड़ 4 हजार किसान हैं, जिसमें से मात्र 63 हजार किसानों के पास 25 एकड़ से अधिक जमीन है, जबकि 76 लाख 35 हजार किसानों के पास 5 एकड़ से कम जमीन है। ये किसान कर्ज और घाटे में रहने के कारण आत्महत्या करते थे लेकिन प्रधानमंत्री ने किसानों की इस समस्या को समझते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को दो-दो हजार रूपये की 3 किश्तों में 6 हजार रूपये दिए गए। मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 80 लाख किसानों को हर साल 4 हजार रूपये दिए जा रहे हैं। इस प्रकार मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना से 2.2 हजार रूपये की किशत के रूप में 32 सौ करोड़ रूपये किसानों के खाते में गए हैं। जिससे वे खादए बीज सहित अन्य कृषि कार्य की व्यवस्था सुगमता से कर पा रहे हैं। वहीं सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं से पिछले 22 माह में किसानों के खाते में सरकार ने 1 लाख 72 हजार करोड़ रूपये डाले हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि पहले चनाए मसूर की खेती करने वाले किसानों को कम दाम में अपनी उपज बेचनी पड़ती थी। सरकार ने समर्थन मूल्य में चनाए मसूर खरीदना प्रारंभ किया और आज किसानों को उनके अच्छे खासे दाम मिल रहे है। तो सरकार ने समर्थन मूल्य पर पहली बार ग्रीष्मकालीन मसूर को भी खरीदने का कार्य शुरू किया है। सरकार की नीतियों के कारण खुले बाजार में भी किसानों को उनकी उपज के दाम समर्थन मूल्य से अधिक प्राप्त हुए। किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाकर अभी तक 12 हजार करोड़ रूपये का सीधा लाभ किसानों को दिलाया गया है। कृषि मंत्री श्री पटेल ने चर्चा के दौरान कहा कि कटनी की कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडी परिसर के अंदर ही खाद, बीज, कीटनाशक, पंप सहित हर प्रकार की सुविधा मिलेगी। परिसर में सभागार बनाया जाएगा, जिसमें सालभर किसानों को उन्नत व आधुनिक खेती करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



## बरही कृषि मंडी परिसर में लहलहा रही धान की फसल

### ओपन कैप में रखी 5 हजार मीट्रिक टन धान अंकुरित

**वाष्पीकरण होने का बहाना बना रहे अधिकारी, लापरवाही की भेंट चढ़ गई करोड़ों की धान**

**बरही।** मंडी प्रांगण बरही में लगे धान के स्टाक में लापरवाही की फसल लहलहा रही है और जिम्मेदार विभाग वेयर हाउसिंग के कर्मचारी अधिकारी इस घोर लापरवाही पर पर्दा डालने का काम कर रहे है और कह रहे है कि यह सामान्य प्रक्रिया हैए ऐसा वाष्पीकरण के कारण होता है, जबकि पूरे स्टेक की बोरियो में धान की फसल उग चुकी है, जिसे सुखाने के लिए ढके गए तिरपाल को खोल दिया गया है, जो घोर लापरवाही दर्शा रहा है। मामला बरही मंडी प्रांगण में बनाए गए धान के ओपन कैम्प का है। धान के इन स्टेको मे धान की फसल उग चुकी है। अपनी नाकामी छिपाने के लिए वेयर हाउस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने गेट में ताला जड़ दिया है, जिससे कोई भी अंदर न जा सके और इनकी घोर लापरवाही उजागर न हो सके। इस बारे में वेयर हाउसिंग विभाग के डीएम योगेंद्र सिंह सेंगर से दूरभाष पर हुई चर्चा पर उन्होंने कहा कि यह सामान्य प्रक्रिया है, नमी एवं वाष्पीकरण के चलते ऊपरी भाग में अंकुरण आता है, जिसे धूप दिखा सूखा दिया जाएगा। बहरहाल माजरा चाहे जो भी हो बरही मंडी प्रांगण में लगे धान के स्टेक बर्वादी की कगार पर पहुँच रहे है और जिम्मेदार पर्दा डाल रहे है। गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान का स्टॉक ओपन कैम्प बनाकर किया गया है, जिसकी सप्लाई मिलर्स को होनी है। अब रखरखाव में बरती जा रही घोर लापरवाही से करोड़ो रूपये की धान बर्वादी की कगार में पहुंच रही है।



## आंगनबाड़ी केन्द्र को लिया गोद, बांटी दरी एवं कुर्सियां

**बच्चों से सुनीं कविताएं, बढ़ाया उत्साह**

**कटनी।** आंगनबाड़ी की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए केसीएस स्कूल की पूर्व प्राचार्या एवं समाजसेवी सुश्री राजेंद्र कौर लाम्बा ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 175 गुरू नानक वार्ड को गोद लिया है। उन्होंने सभी बच्चों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा आंगनबाड़ी में 12 कुर्सियां, दरी, बच्चों को टॉवल, साबुन व टाफियां वितरित की, जिससे सभी बच्चे बहुत प्रसन्न हुए। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों से कविताएं भी सुनीं। सुश्री लाम्बा ने कहा कि भविष्य में भी इस आंगनबाड़ी केन्द्र को सर्वसुविधायुक्त बनाने तथा बच्चों की शिक्षा के लिए हमेशा संकल्पित रहूंगी। इस अवसर पर समाजसेवी ऊषा नाकरा, अंकिता गुप्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती सोंधिया एवं सहायिका सुनीता रैकवार की उपस्थिति रही।

## एसजी, जे जे एवं जहर इलेवन का शानदार प्रदर्शन



**एसपीएफजी वंदे मातरम कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट**

**कटनी।** एसपीएफजी एवं वंदे मातरम ग्रुप के तत्वावधान में फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में खेले जा रहे टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत 13 मार्च को चार मुकाबले खेले गए, जिसमे टीमों ने जीत दर्ज की। पहला मुकाबला एसजी इलेवन एवं रॉक इलेवन के बीच खेला गया। जिसमे एसजी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओव्हरों में 9 विकेट खोकर 70 रन बनाए, जिसमे जितेन्द्र ने सर्वाधिक 40 एवं शोएब खान ने 10 रनों का योगदान दिया। रॉक इलेवन की ओर से चेतन, श्याम, राज चौधरी ने दो-दो एवं भानू व सोनू ने एक-एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी रॉक इलेवन की टीम 10 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 68 रन ही बना सकी। रॉक इलेवन की ओर से मनीषने 21 एवं अमित ने 17 रन बनाए। एसजी इलेवन की ओर से शोएब ने 3, अनुज जायसवाल ने 2, सिद्धांत एवं तरूण ने एक-एक विकेट लिया। दूसरा मैच डीसेंट इलेवन एवं गुन्नी इलेवन के बीच खेला गया, जिसमे डीसेंट इलेवन ने 8 ओव्हरों 8 विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाए। जिसमे अन्नू ने 20 एवं राज ने 10 रन बनाए। गुन्नी इलेवन की ओर से अंशुल तिवारी ने 2, दीपक चतुर्वेदी, बोल्ट एवं हिमांशु पांडे ने एक-ट विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी गुन्नी इलेवन की टीम ने 4.1 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमे हिमांशु ने 33 व शालू असाटी ने 13 रन बनाए। डीसेंट इलेवन की ओर से रितिक ने 2 विकेट लिए। तीसरा मैच एसीसी शाहनगर एवं जे जे इलेवन के बीच खेला गया। जिसमे एसीसी शाहनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओव्हरों में 6 विकेट के नुकसान पर 66 रन बनाए। जिसमे राजकुमार ने ने 18 एवं रवि ने 11 रनों का योगदान दिया। जे जे इलेवन की ओर से आदर्श एवं रवि ने दो-दो एवं राजू व उमेश ने एक-एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी जे जे इलेवन की टीम ने 6 ओव्हरों में 1 विकेट के नुकसान पर 67 रन बनाकर मैच जीत लिया। एसीसी शाहनगर की ओर से संतोष ने एक विकेट लिया। चौथा मैच जहर इलवेन एवं आरसीबी के बीच खेला गया। जिसमे जहर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओव्हरों में 7 विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए। जिसमे उमेश ने 26, सन्नी निषाद ने 12 एवं प्रखर सोनी ने 13 रन बनाए। आरसीबी की ओर से सौरभ चेतवानी, रिषभ राठौर एवं हरीश ने दो-दो एवं लकी ने एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी आरसीबी की टीम 9 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 38 रन ही बना सकी। जिसमे पंकज ने 13 रन बनाए। जहर इलवेन की ओर से मंजू, धमेन्द्र पटेल, समीर ने दो-दो एवं सन्नी निषाद व उमेश ने एक-एक विकेट लिया। मैच में अंपायरिंग कल्लू बाजपेयी एवं सारिक उस्मानी, कामेंट्री पर श्रीकांत दुबे व तरूण ठाकुर रहे। स्कोरिंग सुयश शुक्ला ने की। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 23 मार्च को खेला जाएगा। जिसमे विजेता को 1 लाख एवं उपविजेता को 51 हजार रूपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।



## साईं शोभायात्रा को लेकर बैठक

**कटनी।** साईं शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन आज गुरुदेव पंडित रजनीश शास्त्री के सानिध्य में साईं फैंस क्लब के माध्यम से शेर चौक जीआर पब्लिक स्कूल में रखी गई, जिसमें समिति के संचालक गुल्लू खंपरिया, अजय सरावगी, प्रेम प्रकाश दीक्षित, संदीप गुप्ता मंटू, संजू नाकरा, अक्षय निगम, रूपेश पहारिया, संदीप पायल, सुमित जायसवाल, दीपू कचेर, संजय गुप्ता, वीरेंद्र, सुरेंद्र सोनी, ललित सोनी, पप्पू दीक्षित, मनीष साहू, टिंकू तिवारी, अवकाश जायसवाल, नीरज दुबे, मनोज गोस्वामी, अंजनी ओझा एवं समस्त साई भक्त उपस्थित रहे।

## यूनिक ब्यूटी एसोसिएशन ने किया महिलाओं का सम्मान



**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जहां जिले भर में महिलाओं के सम्मान में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तो वहीं कटनी यूनिक ब्यूटी एसोशिएशन के तत्वावधान में बस स्टेंड स्थित राधिका होटल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कटनी यूनिक ब्यूटी एसोशिएशन गठन किया गया है, जिसमें चेयर पर्सन सपना मोटवानी, अध्यक्ष मोना साहू, उपाध्यक्ष सिमरन सक्सेना, सचिव लक्ष्मी जायसवाल, सह सचिव संगीता पटेल, कोषाध्यक्ष शैलजा तिवारी, सह कोषाध्यक्ष प्रीती गुप्ता, मीडिया प्रभारी डिंपल रजक को बनाया गया है, इसके बाद महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें अतिथि के रूप में अनु शशांक श्रीवास्तव, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मंजू शर्मा, कत्थक नृत्यांगना आशा विश्वकर्मा, सौम्या रांधेलिया, संगीता जायसवाल, अनामिका बाजपेयी, पूर्व एल्डरमैन श्रीमती शिल्पी सोनी, वंदना तिवारी, राधा रैदास आदि की मौजूदगी रही।



## आवास निर्माण में हीलाहवाली पर करें वसूली की कारवाई

### जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के स्वयं के आवास के सपने को पूरा करने शासकीय अमला लगातार प्रयास में जुटा हुआ है। जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार आवास हितग्राहियों से सतत संपर्क और संवाद कर उन्हें शीघ्रता से आवास पूर्ण कराने के लिए समझाइश दे रहे हैं और समस्याओं का आंकलन कर साधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीईओ ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत झिर्री और भमका का शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अधिकारियों से कहा कि यदि कोई हितग्राही आवास बनाने में लापरवाही करे या हीलाहवाली करे तो वसूली की कार्रवाई प्रस्तावित करें। श्री गोमे ने झिर्री व भमका के निर्माणाधीन पीएम आवासों का निरीक्षण कर आवास हितग्राहियों से संवाद किया और गुणवत्ता के साथ आवास पूर्णता के निर्देश दिए। सीईओ विनोद पांडे व अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवास हितग्राहियो से भेंट कर आवास पूर्ण कराने हेतु सुझाव दिए। सहायक परियोजना अधिकारी उदयराज सिंह द्वारा जनपद कटनी की ग्राम पंचायत देवरी हटाई और अन्य ग्राम पंचायतों के आवास हितग्राहियों से संपर्क कर शीघ्र आवास निर्माण कराने के निर्देश दिए।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**



## भाजयुमो ने चलाया समर्पण निधि महा अभियान

**कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मुड़वारा मण्डल अध्यक्ष पारस जैन द्वारा समर्पण निधि महाअभियान संचालित किया गया, जिसमें मुड़वारा मंडल अंतर्गत के भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ताओ एवं समर्थकों से निधी संग्रह किया गया, जिसमें निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष दीपक टंडन, मुड़वारा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, मुड़वारा मण्डल प्रभारी सुमित जायवाल, जिला मंत्री रेशु तुड़ाहा, राघवेंद्र गोयनका, भावेश रजक एवं अन्य कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

## जनपद शिक्षा केन्द्र विजयराघवगढ़ में टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन



**विजयराघवगढ़।** शासकीय माध्यमिक शाला विजयराघवगढ़ में मुख्य अतिथि श्रीमती सरस्वती मिश्रा, संकुल प्राचार्य विशिष्ट अतिथि प्रमोद मिश्रा, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक एवं मॉडल स्कूल प्राचार्य श्रीमती रजनी नेमा व बीआरसी सी डी के अहिरवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी 9 जनशिक्षा केंद्र से चयनित भाषा, गणित एवं विज्ञान विषयों के टी एल एम शिक्षकों ने प्रदर्शित किए। इस कार्यक्रम में समस्त बीएसी, जनशिक्षक एवं प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों की सहभागिता रही। बालक माध्यमिक शाला एवं कन्या मार्धमिक शाला विजयराघवगढ़ के समस्त छात्रों को भी टी एल एम का अवलोकन कराया गया। प्रत्येक विषय के तीन-तीन टीएलएम का चयन किया गया, जिनका प्रदर्शन जिला स्तर पर होगा।



# विजयराघवगढ़ को मिलेगा जाम से छुटकारा

## बंजारी से कैमोर तक नई सड़क को बजट में मिली मंजूरी,विधायक संजय पाठक की मांग पर मुख्यमंत्री ने दी सौगात

**विजयराघवगढ़। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के सक्रिय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की लगातार कोशिशों को आखिर कामयाबी मिल ही गई। सरकार ने विजयराघवगढ़ और बरही क्षेत्र के लिए 50 करोड़ की लागत से दो अहम सड़कों को बजट में शामिल कर इनके निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। बंजारी से कैमोर तक नई सड़क बनने से अब विजयराघवगढ़ में आये दिन लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा मिलेगा वहीं बगैहा से खितौली मोड़ तक नई सड़क बनने का लाभ बरही क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलेगा।**



गौरतलब है कि अभी कैमोर जाने के लिए कोई अन्य मार्ग नही होने से बरहीए उमरियाएशहडोल की ओर से आकर कैमोर की ओर जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहन विजयराघवगढ़ नगर के भीतर प्रवेश करके संकट मोचन चौराहा, अंधा मोड़ और आज़ाद चौक होते हुए निकलते हैं। इन वाहनों में पाली बिरसिंहपुर और नौरोजाबाद से फ्लाई ऐश लेकर आने जाने वाले बल्कर कैप्सूल वाहन भी शामिल हैं। इन भारी वाहनों के कारण विजयराघवगढ़ नगर के भीतर आये दिन जाम लग जाता है। नगर के भीतर से गुजरने वाली सड़क से लगे रिहायशी मकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सरकारी दफ्तर और स्कूल स्थित हैं जिसके चलते सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस समस्या के निराकरण के लिए जरूरी था कि भारी वाहनों का नगर के भीतर प्रवेश रोका जाए। नगर के बाहर से ही कोई रास्ता बनाकर इन भारी वाहनों को उसमें डायवर्ट किया जाये। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विजयराघवगढ़ से कैमोर के लिए एक नए मार्ग निर्माण की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के सामने रखी थी। विजयराघवगढ़ के ही एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नई सड़क निर्माण को स्वीकृति भी प्रदान कर दी थी। संभागीय अभियंता कार्यालय जबलपुर से हर साल इस मार्ग का प्रस्ताव राज्यशासन को भेजा जाता था कि इसे स्वीकृति प्रदान कर बजट में शामिल किया जाए पर हर साल यह प्रस्ताव बजट के बाहर ही रह जाता था। इस बार बजट आने के तीन महीने पहले से ही क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक अपने क्षेत्र की सड़कों को मंजूरी दिलाने सक्रिय हो गए थे। उन्होंने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को विजयराघवगढ़ के लोगों से किया गया वायदा याद दिलाया था। साथ ही विधायक ने भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से खुद भी सौजन्य भेंट कर इसके लिए अनुरोध किया था अंततः मुख्यमंत्री ने इन दोनों सड़को को बजट में शामिल कर लिया।

### सलैया, बरापार होते हुए कैमोर

अभी तक चालक जिस मार्ग से कैमोर आते-जाते हैं वह विजयराघवगढ़ - देवरी मझगवां होकर कैमोर पहुंचते हैं अब नया मार्ग विजयराघवगढ़ के पहले बंजारी से ही शुरू हो जाएगा जो सलैया होते हुए कैमोर पहुंचेगा। कुल 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए सवा आठ करोड़ रुपये स्वीकृत किये गए हैं। जल्द ही शेष प्रक्रिया पूरी कर सड़क निर्माण के आदेश जारी किए जाएंगे।

### फिर भी रहेगी रिंग रोड की दरकार

बंजारी से कैमोर की ओर आने-जाने वाले वाहन तो नये मार्ग से अपने गंतव्य की ओर चले जायेंगे पर बरहीएउमरिया की ओर से आकर कटनी की ओर आने-जाने वाले वाहनों को अभी भी नगर के भीतर से ही गुजरना होगा। इसके लिए विजयराघवगढ़ में रिंग रोड बनाना जरूरी है। जिससे बाहर किसी भी तरफसे आने वाले वाहन रिंग रोड का उपयोग कर कैमोर, बरही, महगांव या कटनी किसी भी तरफ का मार्ग भीतर प्रवेश किये बिना ही पकड़ लें।

### विधायक एवं मुख्यमंत्री का जताया आभार

विजयराघवगढ़- कैमोर के लिए एक नई सड़क की स्वीकृति दिलाने पर विजयराघवगढ़ सहित ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपभोक्ता दिवस पर कल पहाड़ी में आयोजित होगा जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी कटनी ने बताया कि विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 15 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता संस्थान कटनी के सहयोग से शासकीय माध्यमिक शाला पहाड़ी में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। इस संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से इस कार्यक्रम के दौरान विभाग से संबंधित स्टॉल्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार सामग्री सहित उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरुकता के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध जिला आपूर्ति अधिकारी ने किया है।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 15 मार्च को तथा सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 मार्च को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगा। जिसमें निर्धारित एजेण्डानुसार विभिन्न विभागीय गतिविधियों, योजनाओं व कार्यों की समीक्षा व चर्चा की जायेगी। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने समिति सदस्यों एवं पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### सिंधी सेंट्रल पंचायत का कार्यक्रम 18 को

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सिंधी सेंट्रल पंचायत द्वारा शोकाकुल परिवारों के साथ होली तिलक कार्यक्रम का सामूहिक आयोजन 18 मार्च को सिंधु भवन नई बस्ती में सुबह 9 से 10 बजे तक किया गया है। सभी सजातीय बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### श्यामादेवी बिचपुरिया को श्रद्धांजलि

**कटनी।** मेनरोड स्थित गुप्ता आयुर्वेदिक के संस्थापक स्व. विनोद बिचपुरिया की 85वीं वर्षीय मातुश्री श्रीमती श्यामा देवी बिचपुरिया धर्मपत्नि स्व. भोलानाथ बिचपुरिया का 12 मार्च को दुखद निधन हो गया। स्व.श्रीमती श्यामादेवी बिचपुरिया कुछ समय से अस्वस्थ थीं। अंतिम संस्कार प्रयागराज में उनके नाती अमित बिचपुरिया द्वारा किया गया।

### वैश्य महापरिषद द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित

**कटनी।** गत दिवस प्रतिष्ठित दवा व्यवसाई स्व. विनोद बिचपुरिया एवं जमुना बिचपुरिया की माताश्री युवा समाजसेवी अमित बिचपुरिया की दादी श्रीमती श्यामा देवी बिचपुरिया के निधन पर अ.भा.वैश्य महापरिषद् के प्रदेशाध्यक्ष अनिरूद्ध बजाज, वैद्य सुरेन्द्र विश्वकर्मा, अनंत गुप्ता, संजय गुप्ता - पप्पू भैया, पत्रकार- प्रकाश जैन आदि ने दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि एवं शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की प्रार्थना परमपिता परमात्मा से की है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 महिलाओं का हुआ सम्मान

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 5 दिवसीय कार्यक्रम

**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मनरेगा अंतर्गत आजीविका संवर्धन गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 7 मार्च से 13 मार्च तक विभिन्न आयोजन करने के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिए गए हैं। इसके अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे के मार्ग दर्शन में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के संयुक्त कार्यक्रम में जिले की सभी जनपदों की विभिन्न ग्राम पंचायतों की 14 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति प्रधान ममता पटेल मौजूद थीं।




### स्व सहायता समूहों को सौंपे जाएंगे मनरेगा से बने सामुदायिक तालाब

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटेल ने कहा कि आवश्यक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के माध्यम से मनरेगा से बने सामुदायिक तालाबों को महिला स्वसहायता समूहों को सौंपा जाएगा ताकि वे इसकी देख-भाल और उनमें मत्स्य पालन आदि कर सकें। उन्होंने कहा की महिलाएं पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं और इससे उनकी आर्थिक, सामाजिक स्थिति में निरंतर विकास हुआ है। जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम शबाना बेगम ने जिले में चलाई जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

### इनको किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर विकासखंड बड़वारा के बरगवां-01 की समूह अध्यक्ष रोशनी सिंह, सचिव खुशबू सिंह, रीठी के ग्राम जमुनिया की हरदेश सिंह व हल्ली बाई, विजयराघवगढ़ के ग्राम चरी की सरोज पटेल, रीठी के ग्राम नयाखेड़ा की कल्लू बाई बर्मन, विजयराघवगढ़ के ग्राम देवराकला की ओमवती बर्मन व रानी बाई, बड़वारा के ग्राम बरगवां- 01 की संतरा बाई, रीठी के ग्राम बसुधा की माया बाई गड़ारी, कुपिया निवासी सकुन बाई, विजयराघवगढ़ के ग्राम पडखुरी की मचला पटेल, कटनी के आदर्श ग्राम बंडा की मंजुलता हल्दकार व सकुन हल्दकार, ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी की मंजू सिंह व राजकुमारी सिंह और बहोरीबंद के ग्राम खखरा की वंदना यादव, रीठी की ग्राम घुडहरी की लक्ष्मी गड़ारी को योजनाओं के क्रियांवयन, समुचित व्यवस्था व स्व रोजगार के क्षेत्र में आय के अवसरों में वृद्धि करने के प्रयासों के लिए जिला पंचायत प्रशासकीय समिति प्रधान ने सम्मानित किया। इस दौरान सहायक परियोजना अधिकारी उदयराज सिंह, आशुतोष खरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रंगनाथ नगर में जनचेतना शिविर आयोजित





**कटनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक अजाक जबलपुर जोन समर वर्मा के निर्देशन में रंगनाथ नगर थाना कटनी अंतर्गत एससी/एसटी एक्ट के घटित अपराधो के हॉटस्पॉट एरिया भारत चौक बस्ती में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के संबंध में जनचेतना शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अजाक समर वर्मा द्वारा नागरिकों को अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के विषय में जानकारी दी। शिविर में थाना प्रभारी अजाक राखी पाण्डेय, थाना प्रभारी रंगनाथनागर उप निरीक्षक नितिन कमल, थाना आजाक, थाना रंगनाथ नगर का स्टॉफ सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### लोगों को दी गई एससी-एसटी एक्ट की जानकारी

### जीत का जश्न



भारतीय जनता पार्टी की चार राज्यों मे विजय का जश्न बहोरीबंद मंडल में मनाया गया। अध्यक्ष इन्द्र कुमार पटेल के नेतृत्व मे पार्टी के तमाम कार्यकर्ता बीरेंद्र गुप्ता, शशिभूषण तिवारी, अजीब महोबिया, प्रमोद प्यासी, राजेश रजक, पवन व्योहार, लोकेश व्योहार रोहित गुप्ता शिवा पटैल आदि मौजूद रहे।

# गंदगी फैलाने वालों पर लगाया 5600 का जुर्माना

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक मार्गो मे गंदगी फैलाने वालों पर रोजाना जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था के दौरान आज प्रातः जोन क्रमांक 1 नदीपार स्थित बस स्टेंड के पास सार्वजनिक मार्ग में निर्माण सामग्री रखकर गंदगी फैलाने वालों पर 3000 रूपये जुर्माने की कार्यवाही की जाकर संबंधितों को मुख्य मार्ग से निर्माण सामग्री हटाकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की हिदायत दी गई। नगर की सफाई व्यवस्था हेतु अतिक्रमण विभाग द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 13 दुकान एवं ठेला संचालकों द्वारा सार्वजनिक मार्ग में अतिक्रमण कर गंदगी फैलाने पर 2600 रूपये का जुर्माना किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में स्वच्छ सर्वेक्षण -2022 को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें के प्रयास किये जा रहे है। आपनें नागरिकों से नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने तथा सार्वजनिक मार्गो अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की है।



# विपरीत परिणामों के बावजूद जारी रहा कांग्रेस का घर-घर चलो अभियान

**कटनी।** हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा है। पंजाब में जहां कांग्रेस को अपनी सरकार गवानी पड़ी है वहीं उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इन विपरीत परिणामों के बाद भी जिले के कांग्रेस नेताओं के हौसले पस्त नहीं हुए। परिणाम आने के दिन 10 मार्च और दूसरे दिन 11 मार्च को भी कांग्रेसजनों का घर चलो, घर-घर चलो अभियान जारी रहा।

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन का कहना है कि 5 राज्यों के चुनाव परिणाम से वे निराश नहीं हुए। हर प्रदेश की स्थिति अलग-अलग होती है। मध्यप्रदेश में स्थिति अलग है यहां जनता भाजपा की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी और मंहगाई से त्रस्त है। जनता के मन में प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रति नाराजगी है। यहां के मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर कांग्रेस का घर चलो, घर-घर चलो अभियान चलाया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में 10 मार्च को कांग्रेसजनों ने संजय नगर एवं आसपास की बस्तियों में जनसंपर्क किया वहीं 11 मार्च को लोहिया वार्ड अंतर्गत प्रजापति मोहल्लाए छोटा केलवारा रोड व रामनगर इत्यादि में व्यापक जनसंपर्क कर कांग्रेस सदस्यता अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान महिलाओं, युवाओं एवं नागरिकों ने बढ़ती महंगाई बेरोजगारी के कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए आगामी चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का संकल्प लिया। जनसंपर्क में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोसूफ अहमद बिट्टू, गिरीश गर्ग, चोखे भाईए राजेश जाटव, ओम प्रकाश सक्तेल, श्याम यादव, उमेश सोनखरे, अहमद कुरैशी, हिमांशु तिवारी,जगदीश निषाद, पार्थ समाधिया, गुड्डू यादव, रमेश अहिरवार, उदय सिंह गौड़ चंदू दहिया, मनमोहन अवस्थी, रजत यादव सहित सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।



# ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया जीत का जश्न

**कटनी।** देश के पांच राज्यों में हुए मतदान का परिणाम जैसे ही दस मार्च को घोषित हुआ और चार राज्य उत्तर प्रदेश, झारखंड, मणिपुर व गोवा राज्य में भारतीय जनता पार्टी ने भारी बहुमत से दोबारा सरकार बनाई। उसकी खुशी रीठी में भी देखने को मिली है। शनिवार को रीठी भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक कंदेले के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के गोल बाजार परिसर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया और जमकर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। इस दौरान नर्मदा सोनी, प्रदीप सिंह, सुरेन्द्र साहू, राशू कंदेले, प्रिंस राय, संस्कार मांझी, नंदू पटेल, सचिन बर्मन रमेश पटेल महेश पटेल, छोटे यादव, नवीन रजक, शिवम मिश्रा, अमन मांझी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान नर्मदा सोनी, प्रदीप सिंह, सुरेन्द्र साहू, राशू कंदेले, प्रिंस राय, संस्कार मांझी, नंदू पटेल, सचिन बर्मन रमेश पटेल महेश पटेल, छोटे यादव, नवीन रजक, शिवम मिश्रा, अमन मांझी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# होली में पुणे से घर लौटे मजदूर को ट्रक ने रौंदा

## स्लीमनाबाद बायपास मार्ग पर भेड़ा टेक के पास दर्दनाक हादसा



**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के स्लीमनाबाद बायपास भेड़ा टेक के पास कटनी से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रक ने पुणे से मजदूरी कर घर लौट रहे युवक को रौंदकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के संबंध में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि ग्राम सरसवाही निवासी 32 वर्षीय सुशील नामदेव पिता सुरेश नामदेव जो कि पुणे में मजदूरी का काम करता था। दीपावली के बाद लगभग 5 महीने पश्चात आज सुबह 4 से 5 के बीच वह अपने घर होली मनाने आया था। सुबह के समय हाईवे में बायपास पर बस से उतर कर सरसवाही जाने के लिए साधन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान कटनी से जबलपुर की ओर दानवी रफ्तार में जा रहे ट्रक क्रमांक एम.पी.20एमबी-1087 सुशील को रौंदते हुए निकल गया। जिसके कारण सुशील की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक की गति इतनी तेज थी कि सुशील को रौंदने के बाद ट्रक समीप लगे गेहूं के खेत में जाकर घुस गया। राहगीरों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु स्लीमनाबाद चिकित्सालय भेजा। जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### दीपावली के बाद होली मनाने गांव आया था सुशील

दीपावली के त्यौहार के बाद होली के त्यौहार में 5 महीने बाद मृतक सुशील अपने परिजनों से मिलने घर आया था पर काल का ग्रास बने ट्रक ने उसे परिवार से मिलने नहीं दिया। सुबह स्लीमनाबाद बायपास पर बस से उतरकर साधन का इंतजार कर रहा था कि दानवी गति से आ रहे ट्रक ने मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सुशील के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। दोपहर बाद मातमी माहौल में सुशील का अंतिम संस्कार सरस्वाही मुक्तिधाम में किया गया।

### बायपास की चौड़ाई कम होने से हो रहे हादसे

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 से लगे स्लीमनाबाद की ओर आने वाले दोनों ही बायपास की चौड़ाई कम है। जिसके कारण उक्त बायपास पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। मालूम हो कि अन्य ग्रामों के बायपास की चौड़ाई काफी ज्यादा है परंतु स्लीमनाबाद बायपास की चौड़ाई कम होने से सड़क हादसे ज्यादा हो रहे हैं। अत: ग्रामीण जनों ने जिला कलेक्टर व एनएचआई विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि स्लीमनाबाद बायपास से लोगों का आवागमन सबसे ज्यादा है तो वहां पर उसकी चौड़ाई बढ़ाई जाए।





# 200 डॉक्टरों,400 पैरामेडिकल की टीम बरही में दो दिन करेगी इलाज

## 24-25 मार्च को बरही में होगा हर मर्ज का उपचार

**बरही।** जिले के बरही तहसील में आगामी 24 एवं 25 मार्च को नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां 200 डॉक्टरों की टीम हर मर्ज का नि:शुल्क उपचार करेगी। क्षेत्र के जरूरतमंदों की मदद के लिए यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर पूर्व केबिनेट मंत्री पंडित सत्येंद्र पाठक की स्मृति में क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा आयोजित कराया जा रहा है। चिरायु मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल भोपाल की पूरी टीम, पूरी मशीनरी, लैब, ऑपरेशन थिएटर के साथ नि:शुल्क उपचार करेगी, जिसमे जिला प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। रविवार को चिरायु हॉस्पिटल भोपाल के डायरेक्टर अजय गोयनका, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के साथ पूर्व मंत्री व क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक शिविर स्थल का चयन करने बरही पहुंचे। बरही में लगने वाले दो दिवसीय मेडिकल कै प के बारे में विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने बताया कि वैश्विक बीमारी कोरोना के मरीजों को ठीक करने के लिए पूरे देश मे चिरायु हॉस्पिटल आगे आया था। क्षेत्र में कई ऐसे पीड़ित, जरूरतमंद है, जो बाहर जाकर इलाज नहीं करा सकते, इसी को देखते हुए बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए पूरा हॉस्पिटल दो दिन के लिए बरही लेकर आ रहा हूं, जिसमे स पूर्ण इलाज नि:शुल्क होगा, वहीं चिरायु के डायरेक्टर अजय गोयनका ने कहा कि हर क्रिटिकल केश का इलाज नि:शुल्क होगा, चाहे 2 माह का भी वक्त लगे। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि इस शिविर के लिए जिला प्रशासन हर स्तर का सहयोग करेगा, इस तरह के शिविर से लोगो को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। बरही ही नहीं कटनी जिले में इस तरह का मेडिकल कै प पहली बार लग रहा है, जिसमे 200 विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ 400 पैरामेडिकल स्टाफ पूरे डायग्नोसिस के साथ मौजूद रहेगा, जो बरही के सरस्वती स्कूल में स पन्न होगा। शिविर की तैयारियां तेज हो गई हैं।

### पूर्व केबिनेट मंत्री पंडित सत्येंद्र पाठक की स्मृति में होगा नि:शुल्क उपचार, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, कलेक्टर, चिरायु हॉस्पिटल भोपाल के डायरेक्टर सहित प्रशासनिक टीम पहुंची बरही, लिया जायजा

# टोल फ्री नंबर से 1 लाख 74 हजार की ठगी

## डन कालोनी का युवक हुआ धोखाधड़ी का शिकार

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत डन कालोनी निवासी एक 36 वर्षीय युवक के साथ 1 लाख 74 हजार रूपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से की गई ठगी के इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक डन कालोनी निवासी 36 वर्षीय प्रवीण पिता रमेश प्रसाद गुप्ता के पास कस्टमर केयर टोल फ्री नंबर 18601801290 से फोन आया। फोन करने वाले ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मांगी और प्रवीण से ओटीपी नंबर लिया। जिसके बताते ही प्रवीण के खाते से 1 लाख 74 हजार रूपए निकल गए। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत प्रवीण ने पुलिस से की। पुलिस ने जांच के बाद कस्टमर केयर टोल फ्री नंबर 18601801290 के धारक के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला धारा 420 के तहत दर्ज कर लिया।

# टैंकर की ठोकर से राहगीर गंभीर

## कैमोर थाना क्षेत्र के देवरी मझगवां के समीप हुई दुर्घटना



**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत देवरी मझगवां के समीप तेज गति से भा रहे टैंकर वाहन ने युवक को टक्कर मार कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार देवरी मझगवां निवासी सोने लाल कोरी विजयराघवगढ़ की तरफ जा रहा था और जब वह मोहन टोला मार्ग के समीप से गुजर रहा था तभी 22 चक्का टैंकर वाहन क्रमांक एच.पी.69-3234 ने उसे टक्कर मार दिया। ठोकर इतनी जोरदार थी की सोनेलाल लगभग 100 फीट दूर जा गिरा। जिसकी बजह से उसका पैर तीन जगह से टूट गया। दुर्घटना को अंजाम देने वाला वाहन गलत दिशा मे चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और घायल को विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना कारित करने वाले आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

# 120 लीटर कच्ची शराब के साथ 2 गिरफ्तार

## सावरकर वार्ड, आधारकाप में पुलिस की दबिश





**कटनी।** कोतवाली के सावरकर वार्ड और आधारकाप क्षेत्र में शराब के अवैध ठिकानों पर पुलिस टीम ने दबिश देते हुए काफी मात्रा में शराब को जप्त किया है। जप्त की गई शराब की कीमत लगभग 24 हजार रुपए आंकी गई है। शराब का अवैध कारोबार करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने बताया कि सावरकर वार्ड और आधार काप क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने योजना बनाकर दोनों ही क्षेत्रों में दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस टीम को मौके पर काफी मात्रा में कच्ची शराब मिली है। पुलिस टीम ने लगभग 120 लीटर कच्ची शराब जप्त की है। पुलिस ने बताया कि कच्ची शराब का कारोबार करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी में सावरकर वार्ड निवासी तुलसी निषाद और आधारकाप निवासी सुख्खा निषाद हैं। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसी के साथ ही शराब के अवैध कारोबार के ठिकानों पर पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। गौरतलब है कि होली त्यौहार के मद्देनजर आयोजित की गई शांति समिति की बैठक में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने शराब के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद से ही पुलिस टीम शराब के ठिकानों पर दबिश दे रही है। कार्रवाई के दौरान खिरहनी चौकी प्रभारी अनिल यादव, एसआई धनंजय पांडेय, एसआई नेहा मार्य, प्रधान आरक्षक वैजयंती, सुनीता सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



# टायर फटने से अनियंत्रित हुई बस खेत की मेड़ में फंसी

## कटनी-रीठी मार्ग पर बड़ा हादसा टला

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत कटनी-रीठी मार्ग पर रीठी व देवरीफाटक के बीच बारात छोड़कर वापस अपना नंबर लेने जा रही एक यात्री बस का अगला टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत की मेड़ में फंस गई। गनीमत यह रही कि बस पलटी नहीं, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह करीब सात बजे कटनी से रीठी की ओर जा रही जगदंबा ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एम.पी.13पी-0451 का रीठी व देवरीफाटक के बीच खेरमाई के समीप अगला टायरफट गया। जिस कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत की पत्थर वाली मेड़ से टकरा गई। गनीमत यह रही कि अनियंत्रित बस खेत की से टकरा गई नहीं तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था।

# रास्ता रोककर बीड गार्ड से मारपीट

## ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के ग्राम झिन्ना पिपरिया में घटना

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम झिन्ना पिपरिया में वन विभाग के बीट गार्ड को रोककर दो लोगों ने मारपीट की है। पुलिस ने वन विभाग के बीट गार्ड की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि वन विभाग में पदस्थ बीट गार्ड लोकेश सिंह ने शिकायत में कहा है कि झिन्ना पिपरिया गांव निवासी राजेश त्रिपाठी जंगल से लकड़ी काटकर चोरी कर ले जा रहा था। जिस पर उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था। इसी बात को लेकर झिन्ना पिपरिया गांव से निकलने के दौरान राजेश त्रिपाठी और गुड्डा त्रिपाठी ने बीट गार्ड लोकेश सिंह को रोक लिया। उसकी गाड़ी की चाबी निकाल ली गई। दोनों ने उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने बीट गार्ड की शिकायत पर सरकारी कर्मचारी से मारपीट करने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

# बिजली तारों के नीचे न रखें होली, कोतवाली परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**कटनी।** होली पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराए जाने को लेकर जिलास्तर के साथ ही थाना स्तर पर भी शांति समिति की बैठकों का दौर शुरू हो गया है। रविवार को कोतवाली परिसर में एसडीएम प्रिया चंद्रावत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली, धुरेड़ी, शबे बारात आदि त्योहारों के शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाए जाने हेतु नगर के प्रबुद्ध जनों के साथ चर्चा की गई। बैठक में मुख्यतः निर्बाध जल आपूर्ति नगर निगम द्वारा साफ सफाई कराए जाने हेतु तथा समय से होलिका दहन किये जाने हेतु चर्चा हुई। साथ ही होली वाले दिन शुक्रवार होने के कारण जुमे की नमाज भी होगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। होलिका ऐसे स्थानों पर न रखी जाए जहां बिजली के तार नीचे लटक रहे हों, इस संबंध में संबंधित जनों को आगाह किया गया। बैठक में प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, शहर के गणमान्य नागरिक लालजी पंडा, अजय सरावगी, मंजूषा गौतम, कटनी सेवा समिति के सदस्य गीता गुप्ता, लल्लू सराफ, शकील अहमद, मकबूल हुसैन, हाजी शेख मुस्ताक, गुलाम किवरिया निजामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**REQUIRED**
Graduate and experienced candidates having technical degree for Teaching, Physical and Computer Education in English Medium Higher Secondary School. who are proficient in English.
**Whatsapp your resume :- Mob. 9893643115**

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए
फोन करें- 230033

**किराये से देना है**
हाल- 1200 वर्गफुट
20 फिट ऊंचाई
हाल- 1200 वर्गफुट
10 फिट ऊंचाई
ऑफिस, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, गोदाम हेतु उपयुक्त
पता- राय कालोनी
संपर्क- 93400-75523










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666
फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)